# ESR UTTAR PRADESH

# ECONOMICS AND STATISTICS REVIEW UTTAR PRADESH

## ( News Letter )

Volume-XI January to March 2021 No.-4

**In This Issue:**

- Highlights of Activities
- Highlights of Report
- Personnel
- Current Statistics
- Photo Section
- Statistics/Reports/Publications on The Departmental website


**EDITORIAL BOARD**

**PATRON**
Addtional Chief Secretary,
Planning,
Govt. of UP

**CHIEF EDITOR**
Director,
DES,UP.

**Members**
Dr. Divya Sarin Mehrotra, Joint Director
Smt. Malovika Ghosal, Joint Director
Sri Vinod Kumar ,Deputy Director
Smt. Rashmi, Deputy Director
Smt. Shalu Goyal ,Deputy Director
Sri Arun Kumar Gupta, E.St. Officer
Smt.Neeti Sharma Addl.St. Officer
Sri Prashant Kumar Shukla Addl.St. Officer




## संदेश

अर्थ एवं संख्या प्रभाग स्तर पर सम्पादित हो रहे सांख्यिकीय कार्यों का एक समावेशित निरूपण करने हेतु प्रत्येक त्रैमास में न्यूज लेटर प्रकाशित किये जाने की श्रृंखला में त्रैमासान्त जनवरी–मार्च 2021 अंक के प्रकाशन पर मुझे अत्यन्त हर्ष प्रतीत हो रहा है।

आलोच्य अवधि में विभिन्न प्रकार के भाव व दर सूचकांकों का गत त्रैमास से तुलनात्मक विवरण आधार वर्ष 2011–12 पर तैयार किया गया है। औद्योगिक उत्पादन सेक्टरवार मासिक सूचकांक अक्टूबर–2020 (अनन्तिम) से जनवरी 2021 (त्वरित), उपयोग आधारित समूहवार मासिक सूचकांक अक्टूबर–2020 (अनन्तिम) से जनवरी 2021 (त्वरित) एवं वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (2017–18) की रिपोर्ट का भी समावेश किया गया है। उ0प्र0 के आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण 2018–19 (वास्तविक व्यय), 2019–20 (पुनरीक्षित अनुमान) एवं आय–व्ययक अनुमान 2020–21 को सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला घरेलू निवल उत्पाद 2018–19 एवं 2019–20 (त्वरित) के अनुमान (आधार वर्ष 2011–12) तथा रा0प्र0स0 76वीं आवृत्ति की अनुसूची 1.2 ''पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य परिचर्या एवं आवासीय स्थिति' तथा अनुसूची 26.0 'दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण' (जुलाई 2018–दिसम्बर 2018)'' की रिपोर्ट सम्मिलित की गयी है।

इस न्यूजलेटर को संरचित करने हेतु प्रभाग के समस्त अनुभागों के अधिकारियों एवं सहायकों का अपेक्षित सहयोग सराहनीय है। साथ ही इन त्रैमासिक प्रकाशनों को और अधिक सूचनापरक व उपयोगी बनाने हेतु मैं आपके बहुमूल्य सुझावों / परामर्श का स्वागत करता हूँ।

(विवेक)
निदेशक, अर्थ एवं संख्या, उ0प्र0

# ✓Highlights of Activities

## 1-Price and Wages Indices


✪**उत्तर प्रदेश के थोक भाव सूचकांक**:—(आधार वर्ष 2011—12=100) में सामान्य सूचकांक में माह दिसम्बर 2020 में माह नवम्बर 2020 की तुलना में 0.95% की गिरावट, माह जनवरी 2021 में माह दिसम्बर 2020 की तुलना में 0.55% की गिरावट तथा माह फरवरी 2021(अनन्तिम) में माह जनवरी 2021 की तुलना में 0.09% की गिरावट परिलक्षित हुई ।

**थोक भाव सूचकांक**

| माह | सामान्य | प्राथमिक वस्तुऐ | ईंधन,शक्ति आदि | विनिर्मित उत्पाद |
|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 |
| नवम्बर 20 | 158.11 | 202.90 | 195.69 | 143.87 |
| दिसम्बर 20 | 156.61 | 194.07 | 197.07 | 144.13 |
| जनवरी 21 | 155.75 | 188.09 | 200.07 | 144.38 |
| फरवरी 21(अ) | 155.61 | 186.34 | 204.77 | 144.37 |

उक्त के क्रम में त्रैमास अक्टूबर—दिसम्बर 2020 के औसत सूचकांक में गत त्रैमास जुलाई—सितम्बर 2020 के औसत सूचकांक की तुलना में 1.8% की वृद्धि तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर—दिसम्बर 2019 के औसत सूचकांक की तुलना में 4.9% की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

उत्तर प्रदेश के प्रमुख वर्गवार थोक भाव त्रैमासिक सूचकांक का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:-





✪**उत्तर प्रदेश के ग्रामीण उपभोक्ता भाव सूचकांक** :—(आधार वर्ष 2011—12=100) में सामान्य सूचकांक में जनवरी 2021 में माह दिसम्बर 2020 की तुलना में 4.63% की गिरावट, माह फरवरी 2021 में माह जनवरी 2021 की तुलना में 1.21% की गिरावट तथा माह मार्च 2021(अनन्तिम) में माह फरवरी 2021 की तुलना में 0.12% की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

**ग्रामीण उपभोक्ता भाव सूचकांक**

| माह | सामान्य | खाद्य, पेय, द्रव्य और तम्बाकू | ईंधन व प्रकाश | आवास | वस्त्र बिस्तर व जूते | विविध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| दिसम्बर 20 | 192.00 | 197.76 | 220.46 | 218.01 | 183.04 | 168.37 |
| जनवरी 21 | 183.11 | 181.35 | 221.55 | 220.23 | 183.41 | 169.16 |
| फरवरी 21 | 180.89 | 177.32 | 217.92 | 222.30 | 183.80 | 170.58 |
| मार्च 21(अ) | 181.11 | 177.26 | 219.51 | 222.62 | 183.95 | 170.88 |

उक्त के क्रम में त्रैमास अक्टूबर—दिसम्बर 2020 के औसत सूचकांक में गत त्रैमास जुलाई—सितम्बर 2020 के औसत सूचकांक की तुलना में 5.07% की वृद्धि तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर—दिसम्बर 2019 के औसत सूचकांक की तुलना में 8.15% की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

उत्तर प्रदेश के प्रमुख वर्गवार ग्रामीण उपभोक्ता भाव त्रैमासिक सूचकांक का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:-



## ✪उत्तर प्रदेश का नगरीय उपभोक्ता भाव सूचकांक:-


(आधार वर्ष 2011–12=100) में सामान्य सूचकांक में माह जनवरी 2021 में माह दिसम्बर 2020 की तुलना में 2.72% की गिरावट, माह फरवरी 2021 में माह जनवरी 2021 की तुलना में 0.33% की गिरावट तथा माह मार्च 2021(अनन्तिम) में माह फरवरी 2021 की तुलना में 0.41% की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

**नगरीय उपभोक्ता भाव सूचकांक**

| माह | सामान्य | खाद्य, पेय, द्रव्य और तम्बाकू | ईधन व प्रकाश | आवास | वस्त्र बिस्तर व जूते | विविध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| दिसम्बर 20 | 179.93 | 184.90 | 210.96 | 202.79 | 174.06 | 161.68 |
| जनवरी 21 | 175.03 | 172.96 | 214.58 | 203.48 | 174.15 | 162.02 |
| फरवरी 21 | 174.46 | 169.12 | 217.40 | 203.75 | 174.38 | 164.61 |
| मार्च 21(अ) | 175.17 | 168.59 | 224.99 | 204.11 | 174.70 | 164.95 |

उक्त के क्रम में त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2020 के औसत सूचकांक में गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2020 के औसत सूचकांक की तुलना में 3.17% की वृद्धि तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2019 के औसत सूचकांक की तुलना में 6.66% की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

**उत्तर प्रदेश के प्रमुख वर्गवार नगरीय उपभोक्ता भाव के त्रैमासिक सूचकांक का तुलनात्मक ग्राफ निम्नवत हैं:-**




## ✪उत्तर प्रदेश का ग्रामीण मजदूरी दर सूचकांक:-


(आधार वर्ष 2011–12=100) के अन्तर्गत माह जनवरी 2021 में माह दिसम्बर 2020 की तुलना में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक के मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.32%, 0.55% व 0.55% की वृद्धि, माह फरवरी 2021 में माह जनवरी 2021 की तुलना में क्रमशः 0.45%, 0.36% व 0.42% की वृद्धि तथा माह मार्च 2021(अनन्तिम) में माह फरवरी 2021 की तुलना में क्रमशः 0.18%, 0.34% व 0.89% की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

**ग्रामीण मजदूरी दर सूचकांक**

| माह | बढ़ई | राज | कृषि श्रमिक |
|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 |
| दिसम्बर 20 | 201.80 | 194.98 | 211.40 |
| जनवरी 21 | 202.44 | 195.86 | 211.79 |
| फरवरी 21 | 203.56 | 196.56 | 212.50 |
| मार्च 21(अ) | 204.68 | 197.38 | 214.40 |

उक्त के क्रम में त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2020 में बढ़ई, राज व कृषि श्रमिक के सूचकांक में गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2020 की तुलना में क्रमशः 0.89, 0.80 व 1.37 प्रतिशत की वृद्धि तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2019 की तुलना में क्रमशः 2.69, 3.12 व 4.08 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई।

**उत्तर प्रदेश के ग्रामीण मजदूरी दर त्रैमासिक सूचकांक के विभिन्न वर्गो का ग्राफ निम्नवत हैं:-**



## ✪उत्तर प्रदेश का नगरीय मजदूरी दर सूचकांकः-


(आधार वर्ष 2011–12=100) के अन्तर्गत माह जनवरी 2021 में माह दिसम्बर 2020 की तुलना में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक के मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.15% 0.55% व 0.77% की वृद्धि, माह फरवरी 2021 में माह जनवरी 2021 की तुलना में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक के मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.52%, 0.74% व 1.50% की वृद्धि तथा माह मार्च 2021(अनन्तिम) में माह फरवरी 2021 की तुलना में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक के मजूदरी दर सूचकांक में क्रमशः 0.77%, 1.50% व 0.70% की वृद्धि परिलक्षित हुई ।

**नगरीय मजदूरी दर सूचकांक**

| माह | बढ़ई | राज | अकुशल श्रमिक |
|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 |
| दिसम्बर 20 | 188.55 | 187.21 | 199.43 |
| जनवरी 21 | 188.83 | 188.19 | 202.09 |
| फरवरी 21 | 189.87 | 189.59 | 204.02 |
| मार्च 21(अ) | 191.33 | 192.44 | 205.45 |

उक्त के क्रम में त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2020 में बढ़ई, राज व अकुशल श्रमिक के सूचकांक में गत त्रैमास जुलाई–सितम्बर 2020 की तुलना में क्रमशः 1.88, 1.74 व 2.28 प्रतिशत की वृद्धि तथा गत वर्ष के संगत त्रैमास अक्टूबर–दिसम्बर 2019 की तुलना में क्रमशः 3.57, 4.55 व 4.96 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई।

### उत्तर प्रदेश के नगरीय मजदूरी दर त्रैमासिक सूचकांक के विभिन्न वर्गो का ग्राफ निम्नवत् है:-





## ✪उत्तर प्रदेश का कृषीय क्रय-विक्रय समता सूचकांकः-

(आधार वर्ष 2011–12=100) गत कृषि वर्ष 2018–19(अनन्तिम)की तुलना में कृषि वर्ष 2019–20(अनन्तिम) के सूचकॉक में 0.67% की गिरावट परिलक्षित हुई।

**कृषीय क्रय-विक्रय समता सूचकॉंक**

| कृषि वर्ष | कृषकों द्वारा प्राप्त मूल्य(भाव) सूचकांक | कृषकों द्वारा भुगतान किये गये मूल्य का सूचकांक | घरेलू उपभोक्ता भाव सूचकांक | कृषि उद्यम व्यय का सूचकांक | कृषि क्रय विक्रय समता सूचकांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| कृषि वर्ष 2018-19(*) | 174.66 | 161.41 | 165.09 | 153.54 | 108.21 |
| कृषि वर्ष 2019-20(*) | 182.13 | 169.44 | 176.12 | 155.21 | 107.49 |




# 2-औद्योगिक सांख्यिकी

## ✪ Index of Industrial Production:-

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, उत्तर प्रदेश आधार वर्ष 2011–12 पर वित्तीय वर्ष 2020–2021 हेतु माह अक्टूबर 2020 (अनन्तिम ), नवम्बर 2020 (अनन्तिम ) , दिसम्बर 2020 (अनन्तिम) तथा जनवरी 2021 (त्वरित) का सूचकांक तैयार किया गया।

अक्टूबर 2020 (अनन्तिम) से जनवरी 2021 (त्वरित)का मासिक सेक्टरवार एवं उपयोग आधारित समूह सूचकांक निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

**सेक्टरवार मासिक सूचकांक**

| माह / त्रैमासान्त | खनिज | ऊर्जा | विनिर्माण | सामान्य सूचकांक |
|---|---|---|---|---|
| अक्टूबर 2020(अनन्तिम) | 133.80 | 137.16 | 117.92 | 121.19 |
| नवम्बर–2020(अनन्तिम) | 116.19 | 137.16 | 119.36 | 120.26 |
| दिसम्बर–2020(अनन्तिम) | 108.79 | 137.16 | 134.63 | 131.74 |
| जनवरी–2021(त्वरित) | 106.63 | 137.16 | 131.87 | 129.25 |


# उपयोग आधारित समूहवार मासिक सूचकांक


| माह / त्रैमासान्त | प्राथमिक वस्तुएं | पूंजीगत वस्तुएं | आधारभूत संरचना/विनिर्माण वस्तुएं | मध्यवर्ती वस्तुएं | कुल उपभोग वस्तुऐं | टिकाऊ उपभोग वस्तुऐ | गैर टिकाऊ उपभोग वस्तुऐं | सामान्य सूचकांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अक्टूबर 2020(अनन्तिम) | 128.87 | 208.17 | 118.05 | 146.82 | 89.72 | 84.93 | 93.01 | 121.19 |
| नवम्बर–2020(अनन्तिम) | 123.66 | 223.16 | 112.70 | 130.50 | 96.05 | 82.79 | 105.15 | 120.26 |
| दिसम्बर–2020(अनन्तिम) | 122.16 | 237.07 | 126.43 | 141.50 | 116.32 | 83.68 | 138.69 | 131.74 |
| जनवरी–2021(त्वरित) | 121.26 | 239.71 | 127.15 | 136.45 | 112.48 | 86.28 | 130.44 | 129.25 |

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक आधार वर्ष 2011–12 पर वर्ष 2020–21 के माह अक्टूबर 2020 (अनन्तिम), नवम्बर 2020 (अनन्तिम), दिसम्बर 2020 (अनन्तिम) तथा जनवरी 2021(त्वरित) के सामान्य सूचकांक में गत वर्ष के सम्वादी माह अर्थात माह अक्टूबर 2019 (अन्तिम) ,नवम्बर 2019 (अन्तिम), दिसम्बर 2019 (अन्तिम) एव जनवरी 2020 (अन्तिम) के सापेक्ष क्रमशः 7.09प्रतिशत , 6.20 प्रतिशत, 17. 76 प्रतिशत एवं 2.69 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हो रही है।माह अक्टूबर 2020 (अनन्तिम) , नवम्बर 2020(अनन्तिम) एवं जनवरी 2021(त्वरित) के सामान्य सूचकांक में गत माह अर्थात सितम्बर 2020(अनन्तिम),अक्टूबर2020 (अनन्तिम)एवं दिसम्बर 2020 (अनन्तिम) की तुलना में क्रमशः 3.70 प्रतिशत ,0.77 प्रतिशत, एवं 1.89 प्रतिशत की कमी तथा माह दिसम्बर 2020 (अनन्तिम)के सामान्य सूचकांक में गत माह अर्थात माह नवम्बर 2020 (अनन्तिम) की तुलना मे क्रमशः 9.55 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हो रही है।


उ0 प्र0 के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक माह अक्टूबर 2020 (त्वरित), नवम्बर 2020 (त्वरित), दिसम्बर 2020 (त्वरित) को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी प्रकाशित किया गया ।

## औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की सेक्टरवार मासिक प्रवृत्ति




राज्य का वार्षिक कृषि उत्पादन सूचकाक (परिमाण एवं मूल्य) आधार वर्ष 2011–12 पर वर्ष 2017–18 (अन्तिम) वर्ष 2018–19 (अनन्तिम) एवं वर्ष 2019–20 (त्वरित) भी इस अवधि में तैयार कर लिया गया है। कृषि उत्पादन सूचकांक (परिमाण एवं मूल्य) क्रमशः 122.13, 125.88, 131.32 तथा 168.46, 181.56, 204.15 है। वर्ष 2017–18 की अपेक्षा वर्ष 2018–19 में क्रमशः परिमाण एवं मूल्य कृषि सूचकांक में 3.07 प्रतिशत की वृद्धि एवं 7.78 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हो रही है। कृषि उत्पादन सूचकांक वर्ष 2018–19 की अपेक्षा वर्ष 2019–20 में परिमाण एवं मूल्य सूचकांक में 4.32 प्रतिशत की वृद्धि एवं 12.44 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हो रही है।



# 3-राज्य आय

## उ०प्र० की आर्थिक समीक्षा :-

प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक कार्यकलापों का विश्लेषण कर तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत करने हेतु अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष ''उ0प्र0 की आर्थिक समीक्षा'' नामक पुस्तक प्रकाशित की जाती है। आलोच्य अवधि में ''उ0प्र0 की आर्थिक समीक्षा–2020–21'' को तैयार कर प्रकाशित किया गया है जिसमें 16 अध्यायों में राज्य की अर्थव्यवस्था का विस्तृत विश्लेषण करने के साथ ही प्रमुख क्षेत्रों यथा कृषि एवं सम्वर्गीय सेवा, पशुधन मत्स्य एवं दुग्ध विकास, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, औद्योगिक प्रगति, सेवा क्षेत्र, अवस्थापना ऊर्जा एवं संचार, पर्यटन, श्रमशक्ति एवं सेवा योजना, प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति, ग्राम्य विकास के कार्यक्रम तथा खनिज एवं विद्युत आदि से सम्बन्धित विश्लेषण किया गया है साथ ही सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों तथा प्रदेश में व्याप्त चुनौतियों एवं सरकार की प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की गयी है। पत्रिका को www.updes.up.nic.in पर अवलोकित किया

## जिला घरेलू निवल उत्पाद :-

आलोच्य अवधि में आधार वर्ष 2011–12 पर वर्ष 2018–19 संशोधित त्वरित एवं वर्ष 2019–20 त्वरित के जिला आय अनुमान तैयार किये गये ।

प्रचलित भावों पर सबसे अधिक तथा सबसे कम सकल जिला घरेलू उत्पाद वाले पांच–पांच जनपद निम्न प्रकार रहे।

### वर्ष 2018-19(संशोधित त्वरित)

| क्रम संख्या | उच्चतम (रू0) | | न्यूनतम (रू0) | |
|---|---|---|---|---|
| | जनपद का नाम | सकल जिला घरेलू उत्पाद करोड़(रू0) में | जनपद का नाम | सकल जिला घरेलू उत्पाद करोड़(रू0) में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | गौतमबुद्ध नगर | 136650.53 | श्रावस्ती | 4421.85 |
| 2. | आगरा | 57065.22 | चित्रकूट | 5266.34 |
| 3. | लखनऊ | 56875.20 | औरैया | 7683.90 |
| 4. | प्रयागराज | 54020.07 | संत कबीर नगर | 7775.49 |
| 5. | कानपुर नगर | 50872.49 | बलरामपुर | 8982.76 |

### वर्ष 2019-20(त्वरित)

| क्रम संख्या | उच्चतम (रू0) | | न्यूनतम (रू0) | |
|---|---|---|---|---|
| | जनपद का नाम | सकल जिला घरेलू उत्पाद करोड़(रू0) में | जनपद का नाम | सकल जिला घरेलू उत्पाद करोड़(रू0) में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | गौतमबुद्ध नगर | 145675.61 | श्रावस्ती | 4369.91 |
| 2. | आगरा | 60488.30 | चित्रकूट | 5712.70 |
| 3. | लखनऊ | 59031.41 | संत कबीर नगर | 7031.03 |
| 4. | प्रयागराज | 56770.76 | औरया | 7844.94 |
| 5. | मेरठ | 53402.91 | बलरामपुर | 9449.89 |


## उ०प्र० में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान :-

उत्तर प्रदेश में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र के लिये वर्ष 2018–19 हेतु तैयार किये गये ।

उत्तर प्रदेश में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 2018–19 में सार्वजनिक क्षेत्र में 9092820 लाख रू0 अनुमानित किये गये है जो गत वर्ष 2017–18 के अनुमान 6710447 लाख रू0 से 35.50 प्रतिशत अधिक रहे।

इसी प्रकार निजी क्षेत्र में पूंजी निर्माण के वर्ष 2017–18 के अनुमान 14111054 लाख रू0 थे जो बढ़कर वर्ष 2018–19 में 17291608 लाख रू0 हो गये जो गत वर्ष से 22.54 प्रतिशत अधिक रहे। कुल सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वर्ष 2017–18 में 20821501 लाख रू0 थे जो वर्ष 2018–19 में बढ़कर 26384428 लाख रू0 हो गये। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में 26.72 प्रतिशत वृद्धि रही। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्षेत्र | वर्ष 2017–18 (लाख रू0 में) | वर्ष 2018–19 (लाख रू0 में) | वर्ष 2018–19 में गत वर्ष से प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सार्वजनिक क्षेत्र | 1 | 1 | 3 |
| (i) प्रशासनिक | 2509364 | 3811818 | 52.14 |
| (ii) विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | 273215 | 485010 | 77.52 |
| (iii)गैर विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | 914164 | 1242672 | 35.94 |
| (iv)स्थानीय निकाय | 1419502 | 1675152 | 18.01 |
| (v)अधिक्षेत्रीय क्षेत्र (सुपरा–रीजनल) | 1594202 | 1872168 | 17.44 |
| योग (सार्वजनिक क्षेत्र) | 6710447 | 9092820 | 35.50 |
| निजी क्षेत्र | | | |
| (i) पारिवारिक क्षेत्र | 12525834 | 14393166 | 14.91 |
| (ii)अधिक्षेत्रीय क्षेत्र (सुपरा–रीजनल) | 1585220 | 2898442 | 82.84 |
| योग (निजी क्षेत्र) | 14111054 | 17291608 | 22.54 |
| कुल योग | 20821501 | 26384428 | 26.72 |



## ✓Highlights of Reports

# 1. वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2017-18

आलोच्य अवधि में (जनवरी 2021 से मार्च 2021 तक) में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2017—18 की अन्तिम रिपोर्ट प्रकाशित की गयी।इसका संक्षिप्त विवरण हाईलाइट ऑफ रिपोर्ट पर दिया गया है।


उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण सांख्यिकीय संग्रहण अधिनियम 1953 के अन्तर्गत बनाये गये सांख्यिकीय संग्रहण केन्द्रीय नियमावली 1959 के अधीन किया जाता है। यह सर्वेक्षण सर्वप्रथम 1959 में केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार के निर्देशन में प्रारम्भ किया गया था। बाद में उप महानिदेशक क्षेत्र संकार्य प्रभाग, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय को सांख्यिकीय प्राधिकारी (स्टेटिस्टिकल अथॉरिटी) घोषित करके वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण का कार्य उन के ही नियंत्रण में किया जाने लगा। प्रदेश में वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण का कार्य वर्ष 1961 से भारत सरकार के दिशा निर्देशन में अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा किया जा रहा है।

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के अन्तर्गत वे सभी औद्योगिक इकाइयॉ सम्मिलित हैं जो कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 2m(i) तथा 2m(ii) के अन्तर्गत पंजीकृत हैं। धारा 2m(i) के अन्तर्गत वे कारखाने सम्मिलित हैं जिनमें शक्ति की सहायता से कर्मकरों की संख्या 10 या उससे अधिक होती है, धारा 2m(ii) के अन्तर्गत वे कारखाने सम्मिलित हैं जिनमें बिना शक्ति की सहायता से कर्मकरों की संख्या 20 या उससे अधिक होती है। प्रदेश में अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण वर्ष 2017—18 का सर्वेक्षण कार्य माह नवम्बर, 2018 से अक्टूबर, 2019 के मध्य सम्पन्न कराया गया।

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2017—18 का फ्रेम दो भागों में वर्गीकृत है केन्द्रीय प्रतिदर्श एवं राज्य प्रतिदर्श तथा केन्द्रीय प्रतिदर्श को भी दो भागों में बॉटा गया है गणना व गैर गणना सेक्टर । गणना सेक्टर में वे कारखानों वर्गीकृत होते जिनमें 100 या 100 से अधिक कर्मी कार्यरत हैं तथा जो संयुक्त रिर्टन भरते हैं उनको गणना कारखानों की श्रेणी में रखा जाता है। (अर्थात कारखानों का प्रबन्धक एवं मालिक एक हो और उसकी भाखाएं कई हों) उक्त के अतिरिक्त स्ट्रेटा के अर्न्तगत किसी जनपद की एन0आई0सी0 में चार या चार से कम इकाइयॉ हों उन सभी को गणना इकाई समझा जायेगा। गणना सेक्टर के समस्त कारखानों का सर्वेक्षण भारत सरकार द्वारा किया गया है एवं प्रतिदर्श सेक्टर में केन्द्रीय प्रतिदर्श के कारखानों का सर्वेक्षण भी भारत सरकार द्वारा किया गया है । राज्य के प्रतिदर्श कारखानों का सर्वेक्षण अर्थ एवं संख्या प्रभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कराया गया है। रिपोर्ट के मुख्य सारगर्भित अंश निम्नवत् है।

✪वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2017—18 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के प्रतिचयन ढॉचे में कुल 15925 कारखाने पंजीकृत रहे जिसमें 3863 कारखाने गणना के तथा 1692 केन्द्रीय प्रतिदर्श हेतु चयनित थे। 5555 कारखानों का सर्वेक्षण भारत सरकार द्वारा किया गया । राज्य के सर्वेक्षण हेतु 3299 कारखाने चयनित किये गये।

✪प्रदेश के प्रतिचयन ढाँचे के अनुसार कुल 15925 पंजीकृत कारखानों में से पश्चिमी क्षेत्र में 11568 कारखाने, केन्द्रीय क्षेत्र में 2841 कारखाने, पूर्वी क्षेत्र में 1405 कारखाने तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में 111 कारखाने पंजीकृत पाये गये।



✪NIC-2 अंकीय कोड के अनुसार सबसे अधिक 12.5 प्रतिशत अंश के साथ 1984 कारखाने खाद्य उत्पादों के विनिर्माण (NIC-10) में पंजीकृत पाये गये। फैब्रिकेटेड धातु उत्पादों का विनिर्माण (मशीनरी तथा उपस्कर के अतिरिक्त) (NIC-25) अन्य अधात्विक एवं खनिज उत्पादों के विनिर्माण (NIC-23) में क्रमश:1422(8.9 प्रतिशत) व 1300(8.2 प्रतिशत) व कारखानों का पंजीयन दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा।

✪केन्द्र व राज्य के लिये चयनित व सर्वेक्षित 8854 कारखानों के सापेक्ष 6974 कारखाने कार्यरत पाये गये। उक्त के आधार पर राज्य में कुल 13676 कारखानें कार्यरत अनुमानित हुए।


✪प्रदेश के समस्त उद्योगों में कुल आगत 4707764871हजाऱरूपये, निर्गत 5667998166 हजाऱ रूपये, सकल आवर्धित मूल्य 960233295 हजाऱ रूपये, मूल्य ह्रास 123677737 हजाऱ रूपये तथा शुद्ध आवर्धित मूल्य 836555558 हजाऱ रूपये रहा।

✪आगत व निर्गत मूल्यों की दृष्टि से सर्वाधिक योगदान खाद्य उत्पाद के विनिर्माण (NIC-10) में क्रमश: 24.5 व 23.2 प्रतिशत रहा। सकल आवर्धित मूल्य की दृष्टि से सर्वाधिक 11.8 प्रतिशत का योगदान खाद्य उत्पाद के विनिर्माण (NIC-10) में रहा।

✪शुद्ध आवर्धित मूल्य की दृष्टि से खाद्य उत्पाद के विनिर्माण (NIC-10) में 141636573 हजाऱ रूपये (16. 9 प्रतिशत) के साथ प्रथम स्थान पर, रसायन तथा रसायन उत्पाद के विनिर्माण (NIC-20) में 90503654 हजार रु0 (10.8 प्रतिशत) के साथ द्वितीय स्थान पर तथा कम्प्यूटर, इलेक्ट्रानिक्स एवं आप्टिकल उत्पादों का विनिर्माण (NIC-26) में 76315792 हजाऱ रूपये (9.1 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान पर रहा।

✪राज्य के पंजीकृत कार्यरत कारखानों में कुल 1374857 कार्मिक कार्यरत रहे जिसमें से सर्वाधिक फैब्रिकेटेड धातु उत्पादों का विनिर्माण, मशीनरी तथा उपस्कर के अतिरिक्त (NIC-25) में 253668 (18.45 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर खाद्य उत्पाद के विनिर्माण (NIC-10) में 193740(14.09 प्रतिशत) तथा तीसरे स्थान पर पहनने के कपड़ों का विनिर्माण (NIC-14) में127654 (9.28 प्रतिशत), कर्मियों का नियोजन रहा।

✪राज्य में प्रति कर्मचारी औसत वार्षिक परिलब्धि 230. 82 हजार रूपये पाया गया जो कार्यालय प्रशासनिक, कार्यालय सहयोगी एवं अन्य व्यवसाय सहयोगी क्रियाएं (NIC 82) में सर्वाधिक प्रति कर्मी वार्षिक परिलब्धि 753. 35 हजार रु0 उसके उपरांत कोक एवं पेट्रोलियम एवं शोधन उत्पादों का विनिर्माण (NIC-19) हेतु 725.67 हजार रुपये पाया गया।




✪प्रदेश के उद्योगों में कुल ईधन उपभोग की दृष्टि से रसायन तथा रसायन उत्पादों का विनिर्माण (NIC-20) में सर्वाधिक 45428480 हजार रु0, मूल धातुओं का विनिर्माण (NIC-24) में 45256444 हजार रूपये तथा अन्य व्यवसायिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्रियाएं (NIC-74) में न्यूनतम् 526 हजार रूपये कुल ईंधन का उपभोग किया गया। कोयले का सर्वाधिक उपभोग मूल धातुओं का विनिर्माण(NIC-24) में 5978662 हजार रूपये एवं न्यूनतम् वेस्ट कलेक्शन, ट्रीटमेंन्ट एवं डिस्पोजल क्रियाएं (NIC-38)में 73 हजार रूपये का किया गया। विद्युत का सर्वाधिक उपभोग मूल धातुओं का विनिर्माण (NIC-24) में 35308820 हजार रूपये तथा न्यूनतम अन्य व्यवसायिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्रियाएं (NIC-74) में 514 हजार रूपये का उपभोग किया गया। पेट्रोलियम पदार्थो का सर्वाधिक उपभोग खाद्य पदार्थो का विनिर्माण (NIC-10) में 5688249 हजार रूपये तथा न्यूनतम अन्य व्यवसायिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्रियाएं (NIC-74) में 12 हजार रूपये का उपभोग किया गया। गैस का सर्वाधिक उपभोग रसायन तथा रसायन उत्पादों का विनिर्माण (NIC-20) में 17928616 हजार रूपये तथा न्यूनतम लकड़ी तथा लकड़ी व कार्क के उत्पादों का विनिर्माण फर्नीचर के अतिरिक्त स्ट्रा प्लेटिंग वस्तुओं का विनिर्माण (NIC-16) में 116 हजार रूपये का उपभोग किया गया। इसी प्रकार अन्य ईंधन का सर्वाधिक उपभोग खाद्य पदार्थो का विनिर्माण (NIC-10) में 8740261 हजार रूपये तथा न्यूनतम् वेस्ट कलेक्शन,ट्रीटमेंन्ट एवं डिस्पोजल क्रियाएं (NIC-38) में 29 हजार रूपये का उपभोग किया गया।

✪प्रदेश में कुल 123677737 हजार रूपये के मूल्य ह्रास में सबसे अधिक खाद्य उत्पादों के विनिर्माण (NIC-10) में 18876478 हजार रूपये तथा सबसे कम न्यूनतम वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्रियाएं (NIC-74) में 55 हजार रूपये मूल्य ह्रास पाया गया।

✪प्रदेश में 2314667039 हजार रूपये पूॅजी का विनियोजन किया गया जिसमें खाद्य उत्पादों के विनिर्माण (NIC-10) में सर्वाधिक 582211497 हजार रूपये तथा न्यूनतम् हवाई परिवहन (NIC-51) में 1271 हजार रूपये का पूॅजी विनियोजन रहा।

## भारत सरकार एवं राज्य सरकार की रिपोर्ट के प्रमुख मदों के तुलनात्मक ऑकड़ें:-

| क्र0सं0 | मद | इकाई | राज्य सरकार वा0उ0स0 2016–17 | भारत सरकार वा0उ0स0 (उ0प्र0 से सम्बन्धित) 2017–18 | राज्य सरकार वा0उ0स0 2017–18 | गतवर्ष (2016–17) के सापेक्ष वृद्धि/कमी का प्रतिशत | भारत सरकार के सापेक्ष वृद्धि/कमी का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** | **8** |
| 1 | पंजीकृत कारखानें | संख्या | **15357** | **15925** | **15925** | **3.70** | **0.00** |
| 2 | अनुमानित कारखानें | संख्या | **13743** | **12824** | **13676** | **-0.49** | **6.64** |
| 3 | विनियोजित पूँजी | हजार रू0 | **2222250977** | **2169285900** | **2314667039** | **4.16** | **6.70** |
| 4 | उपभुक्त सामग्री | हजार रू0 | **3369110225** | **3267251100** | **3521078655** | **4.51** | **7.77** |
| 5 | कुल आगत | हजार रू0 | **4338894379** | **4303244400** | **4707764871** | **8.50** | **9.40** |
| 6 | कुल निर्गत | हजार रू0 | **5473674582** | **5146354300** | **5667998166** | **3.55** | **10.14** |
| 7 | उत्पादन का मूल्य | हजार रू0 | **4134231508** | **4427252600** | **4777235260** | **15.55** | **7.91** |
| 8 | सकल आवर्धित मूल्य GVA | हजार रू0 | **1134780203** | **843109900** | **960233295** | **-15.38** | **13.89** |
| 9 | मूल्य ह्रास | हजार रू0 | **113302871** | **114556800** | **123677737** | **9.16** | **7.96** |
| 10 | शुद्ध आवर्धित मूल्य NVA | हजार रू0 | **1021477332** | **728553100** | **836555558** | **-18.10** | **14.82** |
| 11 | **समस्त कर्मचारी** | संख्या | **1048471** | **1070841** | **1374857** | **31.13** | **28.39** |
| 11.1 | कर्मी | संख्या | **803435** | **839121** | **993927** | **23.71** | **18.45** |
| 11.2 | पर्यवेक्षकीय एवं प्रबन्धकीय कर्मचारी वर्ग | संख्या | **100106** | **94001** | **192493** | **92.29** | **104.78** |
| 11.3 | अन्य कर्मचारी | संख्या | **144930** | **133715** | **188437** | **30.02** | **40.92** |
| 12 | कुल परिलब्धियॉ कर्मी | संख्या | **106762975** | **114912100** | **122069857** | **14.34** | **6.23** |
| 13 | कुल परिलब्धियॉ समस्त कर्मचारी | हजार रू0 | **323179141** | **265496200** | **317338467** | **-1.81** | **19.53** |
| 14 | प्रति कर्मचारी वार्षिक परिलब्धियॉ | हजार रू0 | **308.2** | **247.9** | **230.82** | **-25.11** | **-6.89** |
| 15 | **कुल ईधन** | हजार रू0 | **222296075** | **236842090** | **247430148** | **11.31** | **4.47** |
| 15.1 | कोयला मूल्य | हजार रू0 | **18337777** | **17844377** | **17631939** | **-3.85** | **-1.19** |
| 15.2 | विद्युत कय मूल्य | हजार रू0 | **113818452** | **132919134** | **143855697** | **26.39** | **8.23** |
| 15.3 | पेट्रोलियम उत्पाद | हजार रू0 | **33022237** | **35472033** | **35115240** | **6.34** | **-1.01** |
| 15.4 | अन्य ईधन | हजार रू0 | **57117609** | **50606546** | **50827272** | **-11.01** | **0.44** |

# Annual Survey of Industries-2017-18

## (A) NIC(2 digit) Wise

| S.No. | Particular | Working factory | | Estimated Factory | | Invested Capital | | Value of Production | | GVA | | Total Employee | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | NIC | No. | NIC | No. | NIC | thousand ruppes | NIC | thousand ruppes | NIC | thousand ruppes | NIC | No. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Maximum Value in descending order | 10 | 995 | 10 | 1733 | 10 | 582211497 | 10 | 1163890793 | 10 | 160454740 | 25 | 253668 |
| 2 | | 25 | 498 | 25 | 1126 | 20 | 245637538 | 26 | 413928907 | 20 | 101323424 | 10 | 193740 |
| 3 | | 23 | 485 | 23 | 1049 | 35 | 206684321 | 20 | 387541959 | 26 | 82979677 | 14 | 127654 |
| 4 | | 14 | 429 | 14 | 833 | 24 | 119934864 | 24 | 357308338 | 35 | 48890260 | 15 | 81756 |
| 5 | | 13 | 391 | 13 | 797 | 26 | 110297461 | 19 | 337819033 | 19 | 48578285 | 13 | 73839 |
| 1 | Minimum Value in ascending order | 90 | 1 | 90 | 1 | 51 | 1271 | 46 | -2730 | 22 | -43480639 | 74 | 4 |
| 2 | | 55 | 1 | 55 | 1 | 74 | 1451 | 68 | 0 | 31 | -23509877 | 68 | 8 |
| 3 | | 51 | 1 | 51 | 1 | 68 | 23984 | 82 | 0 | 68 | -2607 | 55 | 12 |
| 4 | | 74 | 2 | 74 | 2 | 90 | 24381 | 95 | 0 | 74 | 2131 | 90 | 21 |
| 5 | | 88 | 2 | 68 | 2 | 55 | 37806 | 96 | 0 | 55 | 9529 | 51 | 84 |

## (B) District Wise

| S.No. | Particular | Working factory | | Estimated Factory | | Invested Capital | | Value of Production | | GVA | | Total Employee Emoluments | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | District | No. | District | No. | District | thousand ruppes | District | thousand ruppes | District | thousand ruppes | District | thousand ruppes |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Maximum Value in descending order | G.B. Nagar | 1259 | G.B. Nagar | 2963 | G.B. Nagar | 494248086 | G.B. Nagar | 1352999040 | G.B. Nagar | 266981120 | G.B. Nagar | 531174 |
| 2 | | Gaziabad | 596 | Gaziabad | 1605 | Lalitpur | 152216273 | Mathura | 355797837 | Gaziabad | 63450273 | Agra | 107727 |
| 3 | | Kanpur Nagar | 483 | Kanpur Nagar | 1156 | Gaziabad | 147907062 | Gaziabad | 337304392 | Mathura | 51771673 | Gaziabad | 95608 |
| 4 | | Agra | 380 | Agra | 753 | Mathura | 76986877 | Kanpur Nagar | 168230399 | Saharanpur | 46152159 | Lucknow | 71363 |
| 5 | | Meerut | 280 | Meerut | 601 | Bareilly | 72861221 | Lucknow | 163257914 | Kanpur Nagar | 39990744 | Kanpur Nagar | 61195 |
| 1 | Minimum Value in ascending order | Lalitpur | 4 | Lalitpur | 4 | Azamgarh | 25140 | Banda | 20839 | Maharajganj | -248069 | Banda | 65 |
| 2 | | Banda | 5 | Banda & Chittrakoot | 5 | Banda | 38999 | Balia | 23163 | Sultanpur | 587 | Azamgarh | 79 |
| 3 | | Auraiya | 6 | Hamirpur | 7 | Pratapgarh | 51094 | Pratapgarh | 34078 | Mau | 5812 | Balia | 178 |
| 4 | | Hamirpur | 7 | Kushinagar | 8 | Balia | 192702 | Azamgarh | 35069 | Banda | 11454 | Pratapgarh | 215 |
| 5 | | Kushinagar | 8 | Azamgarh | 8 | Sultanpur | 556097 | Kaushambi | 349154 | Azamgarh | 13558 | Devaria | 346 |

## 2. उ0प्र0 के आय-व्ययक का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण

आलोच्य अवधि में उ0प्र0 सरकार के आय–व्ययक वर्ष 2020–21 के अनुसार ''उ0प्र0 के आय–व्ययक का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 2020–21'' का प्रकाशन किया गया जिसमें वर्ष 2018–19 के वास्तविक व्यय, वर्ष 2019–20 के पुनरीक्षित अनुमान तथा 2020–21 के आय–व्ययक अनुमान दर्शाये गये है। मुख्य निष्कर्ष इस प्रकार रहे :–

वर्ष 2020–21 के आय–व्ययक में विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के कार्य चालन व्ययों को छोड़कर राज्य सरकार का अनुमानित कुल व्यय 437006.27 करोड़ रूपये है जो वर्ष 2019–20 के पुनरीक्षित अनुमानों से 38607.45 करोड़ रूपये तथा वर्ष 2018–19 में वास्तविक व्यय से 105974.96 करोड़ रूपये अधिक है। अनुमानित कुल व्यय में से 224721.95 करोड़ रूपये अर्थात् 51.42 प्रतिशत सरकार का अन्तिम परिव्यय है। कुल व्यय का शेष भाग 212284.32 करोड़ रूपये अर्थात् 48.58 प्रतिशत अंश अन्तरण अदायगियां, वित्तीय निवेशों एवं ऋणों के रूप में शेष अर्थव्यवस्था को प्रदान करने के लिए अनुमानित है।

वर्ष 2020–21 में राज्य सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रूप से शुद्ध पूंजी निर्माण की धनराशि 68981.07 करोड़ रूपये आंकी गई है जो अन्तिम परिव्यय 224721.95 करोड़ रूपये का 30.70 प्रतिशत है। उक्त के अतिरिक्त राज्य की शेष अर्थ व्यवस्था में शुद्ध पूंजी निर्माण के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पूंजी निर्माण के लिये अनुदान 20609.21 करोड़ रूपये, ऋण 363.25 करोड़ रूपये तथा निवेश 12611.04 करोड़ रूपये का प्राविधान है। इस प्रकार आय–व्ययक सम्बन्धी संसाधनों द्वारा शुद्ध पूंजी निर्माण 102564.57 करोड़ रूपये आंकलित है जो कि कुल व्यय का 23.4 प्रतिशत है। वर्ष 2018–19 में वास्तविक कुल व्यय 331031.31 करोड़ रूपये में शुद्ध पूंजी निर्माण हेतु 70212.58 करोड़ रूपये व्यय किये गये जो कि 21.21 प्रतिशत रहे।

**राज्य सरकार के आय-व्ययक के आर्थिक वर्गीकरण को 5 मदों में बांटा गया है जिनका प्रतिशत विवरण निम्न सारणी में दर्शाया गया है:-**

(प्रतिशत व्यय)

| मद/वर्ष | वास्तविक (2018-19) | पुनरीक्षित अनुमान (2019-20) | आय-व्ययक अनुमान (2020-21) |
|---|---|---|---|
| 1. खपत सम्बन्धी शुद्ध व्यय | 29.0 | 30.7 | 32.9 |
| 2. अन्तरण एवं अदायगियां | 52.9 | 49.1 | 49.6 |
| 3. पूंजी निर्माण | 12.5 | 15.7 | 14.5 |
| 4. पूंजी शेयरों में निवेश | 3.9 | 2.7 | 2.7 |
| 5. ऋण एवं अग्रिम | 1.7 | 1.8 | 0.3 |

**राज्य सरकार के आय-व्ययक के कार्यात्मक वर्गीकरण को 8 मदों में प्रतिशत व्यय के रूप में दर्शाया गया है,जो निम्न प्रकार है:-**

(प्रतिशत व्यय)

| मद/वर्ष | वास्तविक (2018-19) | पुनरीक्षित अनुमान (2019-20) | आय-व्ययक अनुमान (2020-21) |
|---|---|---|---|
| 1. सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण | 6.5 | 7.1 | 7.0 |
| 2. स्वास्थ्य | 5.5 | 5.6 | 5.8 |
| 3. शिक्षा | 16.2 | 16.5 | 16.8 |
| 4. सामान्य सेवाएं | 23.0 | 22.8 | 23.1 |
| 5. आर्थिक सेवाएं | 28.1 | 25.8 | 23.4 |
| 6. अन्य सेवाएं | 14.4 | 13.6 | 15.0 |
| 7. सांस्कृतिक एवं धार्मिक सेवाएं | 0.6 | 0.6 | 0.5 |
| 8. आवास एवं सामुदायिक सेवाएं | 5.7 | 8.0 | 8.4 |

## 3. उत्तर प्रदेश में पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य परिचर्या एवं आवासीय स्थिति (जुलाई-दिसम्बर 2018) रा.प्र.स. 76वीं आवृत्ति अनुसूची-1.2 पर आधारित


### परिवार एवं जनसंख्या


✪ इस सर्वेक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्र में 700 प्रथम चरण इकाईयाँ तथा नगरीय क्षेत्र में 342 प्रथम चरण इकाईयों का चयन किया गया था, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 8372 तथा नगरीय में 4104 परिवारों से अनुसूची 1.2 में सूचना संग्रहीत की गई।

✪ राज्य में कुल 378.05 लाख परिवार अनुमानित हुए, जिसमें से 294.43 लाख ग्रामीण क्षेत्र में तथा 83.62 लाख परिवार नगरीय क्षेत्र में पाये गये। राज्य की जनसंख्या 1917.84 लाख (ग्रामीण क्षेत्र में 1513.60 लाख तथा नगरीय क्षेत्र में 404.24 लाख) अनुमानित हुई।


### पेयजल की सुविधा


✪ग्रामीण क्षेत्र में 'हैंडपम्प' का प्रयोग सर्वाधिक 89.4 प्रतिशत पाया गया।इसके पश्चात 4.6 प्रतिशत परिवार ट्यूबवेल/बोरवेल का उपयोग करते पाये गये। मात्र 3.6 प्रतिशत परिवारों ने आवास में पाइप द्वारा पेयजल का प्रयोग किया। नगरीय क्षेत्र में पेयजल हेतु प्रथम मुख्य स्रोत के रूप में दो स्रोत 'आवास में पाइप' एवं 'हैंडपम्प' का उपयोग 74.9 प्रतिशत परिवार करते पाये गये।







✪ग्रामीण क्षेत्र में 69.6 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में 76.1 प्रतिशत परिवार द्वारा पेयजल उपयोग की सुलभता पायी गयी।





✪ग्रामीण क्षेत्र के 2.4 प्रतिशत परिवार तथा नगरीय क्षेत्र मात्र 0.9 प्रतिशत परिवारों को पेयजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं था।

✪राज्य के लगभग 68.3 प्रतिशत परिवारों के आवासीय इकाई के भीतर पेयजल का मुख्य स्रोत पाया गया। आवासीय इकाई के भीतर पेयजल का मुख्य स्रोत जो ग्रामीण क्षेत्र में 64.8 प्रतिशत परिवारों के मामले में था, वहीं नगरीय क्षेत्र के मामले में 80.5 प्रतिशत अनुमानित हुआ।




✪ग्रामीण क्षेत्र में 9.4 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में 34.4 प्रतिशत पेय जल का शोधन की अभिक्रिया हुई।

✪राज्य में पेयजल के भण्डारण हेतु सर्वाधिक 32.1 प्रतिशत परिवार प्लास्टिक के पात्र का प्रयोग करते पाये गये। तदोपरान्त 30.3 प्रतिशत परिवार स्टेनलेस स्टील व 4. 3 प्रतिशत परिवार लोहे के पात्र का प्रयोग करते पाये गये।उल्लेखनीय है कि 28.9 प्रतिशत परिवार पेयजल का भण्डारण करते ही नहीं पाये गये।

✪ग्रामीण एवं नगरीय परिवारों परिवारों द्वारा पेयजल निकासी हेतु सर्वाधिक हैण्डल वाला बर्तन क्रमशः 35.5 एवं 39.6 प्रतिशत का प्रयोग पाया गया। उड़ेलकर जलनिकासी विधि का प्रयोग ग्रामीण एवं नगरीय परिवारों द्वारा सबसे कम दर्ज हुआ।

## शौचालय एवं स्वच्छता सुविधाएँ

✪ग्रामीण क्षेत्र में 60.1 प्रतिशत प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्र में 92.1 प्रतिशत परिवरों द्वारा स्नानगृह का उपयोग करते पाए गए।

✪राज्य के अनु. जनजाति, अनु. जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य सामाजिक वर्ग हेतु क्रमशः 48.3, 43.6, 34.9 एवं 14.4 प्रतिशत परिवारों हेतु कोई भी स्नानगृह नही पाया गया। राज्य में अनु. जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु भवन में परिवारों के साझा स्नानगृह लगभग बराबर 10.9 प्रतिशत पाये गये। अनु. जनजाति, एवं अन्य सामाजिक वर्ग हेतु उक्त प्रतिशत क्रमशः लगभग 7.4 व 13.4 पाया गया।

✪प्रदेश स्तर पर 0.7 प्रतिशत परिवार में किसी भी प्रकार के शौचालय सुविधा का उपयोग नहीं पाया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 2.0 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र के 0.1 प्रतिशत परिवार थे।

✪ राज्य के अधिकतर 55.3 प्रतिशत परिवारों द्वारा सैप्टिक टैंक वाले शौचालय का प्रयोग पाया गया। उक्त प्रतिशत ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र हेतु क्रमशः 51.6 व 64.5 प्रतिशत अनुमानित हुआ।

## आवासीय सुविधाएँ

✪ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 99.9 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में लगभग 86.5 प्रतिशत परिवारों के पास अपना आवास था।

✪ घरों में रहने वाले परिवारों में, ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 81.0 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में लगभग 93.0 प्रतिशत परिवारों के पास पक्की संरचना का आवास था।

✪घरों में रहने वाले परिवारों में, ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 79.6 प्रतिशत एवं नगरीय क्षेत्र में लगभग 97.5 प्रतिशत परिवारों के पास घरेलू उपयोग हेतु बिजली की सुविधा उपलब्ध थी।

✪घरों में रहने वाले परिवारों में, ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 57.5 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र के लगभग 92.8 प्रतिशत परिवारों ने एल.पी.जी को खाना बनाने के ईंधन के रूप में प्रयोग किया।

✪घरों में रहने वाले परिवारों में, ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 87.0 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में लगभग 98.3 प्रतिशत परिवारों के पास गंदा पानी/बेकार तरल पदार्थ के निपटान के लिये आवास में जल निकासी की व्यवस्था थी।

✪किराये के आवास में रहने वाले परिवारों द्वारा दिया गया औसत मासिक किराया ग्रामीण क्षेत्र में रू. 1228 तथा नगरीय क्षेत्र में रू. 2743 था।

✪ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में क्रमशः 53.2 प्रतिशत तथा 57.7 प्रतिशत परिवारों द्वारा पिछले 365 दिनों में मच्छर/मक्खियों की 'गम्भीर' कठिनाई का सामना करना सूचित किया।

✪ग्रामीण क्षेत्र के 31.5 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र के 35.5 प्रतिशत परिवारों द्वारा पिछले 365 दिनों के दौरान पेट की समस्या यथा–डायरिया/पेचिश/हैजा इत्यादि से अपने परिवार के किसी सदस्य के पीड़ित होने की सूचना दी गयी। ग्रामीण क्षेत्र में 24.7 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र में 32.0 प्रतिशत परिवारों द्वारा पिछले 365 दिनों के दौरान 'मलेरिया/डेंगू/चिकनगुनिया/इन्सेफलाइटिस' से पीडित होने की सूचना दी गयी।

✪नगरीय क्षेत्र के परिवारों के लिये 3.1 प्रतिशत परिवार एक वर्ष से कम समय के लिये वर्तमान इलाके अर्थात् अधिसूचित मलिन बस्ती/गैर–अधिसूचित मलिन बस्ती/अवैध निवासियों की नई बस्ती/अन्य इलाके में निवास करते हुए अनुमानित हुए।

✪नगरीय क्षेत्र के परिवारों हेतु 84.2 प्रतिशत परिवारों को मलिन/अवैध बस्ती में कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ।

## 4. उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजन

(जुलाई-दिसम्बर 2018)

**रा.प्र.स. 76वीं आवृत्ति अनुसूची 26.0 पर आधारित**

✪ग्रामीण क्षेत्र में 9181 परिवारों तथा नगरीय में 3450 परिवारों से सूचना संग्रहीत की गई।

✪राज्य में कुल 378.05 लाख परिवार पाये गये जिसमें से 294.43 लाख (77.88 प्रतिशत) परिवार ग्रामीण क्षेत्र में तथा 83.62 लाख (22.12 प्रतिशत) नगरीय क्षेत्र में पाये गये।

✪राज्य में कुल 1915.52 लाख व्यक्ति पाये गये, जिसमें से 1509.25 लाख (78.79 प्रतिशत) व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्र में तथा 406.26 लाख (21.21 प्रतिशत) व्यक्ति नगरीय क्षेत्र में थे।

✪राज्य में कुल 1040.89 लाख (54.39 प्रतिशत) पुरूष तथा 873.67 लाख (45.61 प्रतिशत) महिला अनुमानित हुई। ग्रामीण क्षेत्र में 823.76 लाख (54.62 प्रतिशत) पुरूष तथा 684.90 लाख (45.38 प्रतिशत) महिला अनुमानित हुई। नगरीय क्षेत्र में 217.14 लाख (54.53 प्रतिशत) पुरूष तथा 188.77 लाख (45.47 प्रतिशत) महिला अनुमानित हुई।

✪राज्य में कुल 378.05 लाख परिवारों के सापेक्ष मात्र 29.89 लाख (7.91 प्रतिशत) परिवारों में दिव्यांग व्यक्ति अनुमानित हुए।

✪राज्य में किसी भी प्रकार की असमर्थता के कारण दिव्यांग व्यक्तियों की संख्या 31.65 लाख (1.65 प्रतिशत) अनुमानित हुई जिसमें 20.11 लाख (1.93 प्रतिशत) पुरूष तथा 11.51 लाख (1.32 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।

✪राज्य में बहुस्तरीय (एक से अधिक प्रकार) दिव्यांगता से ग्रसित 1.58 लाख (0.08 प्रतिशत) व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें 0.98 लाख (0.09 प्रतिशत) पुरूष तथा 0.60 लाख (0.07 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।

✪केवल लोकोमोटर से संबंधित असमर्थता के अन्तर्गत राज्य में 18.80 लाख (0.98 प्रतिशत) व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें 12.23 लाख (1.17 प्रतिशत) पुरूष तथा 6.56 लाख (0.75 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।

✪केवल देखने से संबंधित असमर्थता के अन्तर्गत राज्य में 3.57 लाख (0.19 प्रतिशत) व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें 2.01 लाख (0.19 प्रतिशत) पुरूष तथा 1.56 लाख (0.18 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।

✪केवल सुनने से संबंधित असमर्थता के अन्तर्गत राज्य में 1.45 लाख (0.08 प्रतिशत) व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें 0.87 लाख (0.08 प्रतिशत) पुरूष तथा 0.58 लाख (0.07 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।


✪केवल बोलने से संबंधित असमर्थता के अन्तर्गत राज्य में 1.79 लाख (0.09 प्रतिशत) व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें 1.06 लाख (0.10 प्रतिशत) पुरूष तथा 0.73 लाख (0.08 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।

✪केवल मंदबुद्धि/बौद्धिक असमर्थता के अन्तर्गत राज्य में 1.64 लाख (0.09 प्रतिशत) व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें 1.11 लाख (0.11 प्रतिशत) पुरूष तथा 0.53 लाख (0.06 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।

✪केवल मानसिक बिमारी के अन्तर्गत राज्य में 1.57 लाख (0.08 प्रतिशत) व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें 1.06 लाख (0.10 प्रतिशत) पुरूष तथा 0.51 लाख (0.06 प्रतिशत) महिलाएं अनुमानित हुई।

✪राज्य में किसी भी प्रकार की असमर्थता के अन्तर्गत अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अन्य सामाजिक वर्ग के क्रमशः 2.2, 1.7, 1.7 तथा 1.6 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति अनुमानित हुए।

✪राज्य में कुल 1.7 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों मे 36.9 प्रतिशत व्यक्ति जन्म से दिव्यांग अनुमानित हुए। ग्रामीण क्षेत्र मे यह 38.4 प्रतिशत तथा नगरीय क्षेत्र 31.0 प्रतिशत अनुमानित हुआ।





✪राज्य में किसी भी प्रकार की असमर्थता के अन्तर्गत 7 वर्ष या उससे अधिक आयु के दिव्यांग व्यक्तियों में साक्षरता 53.5 प्रतिशत अनुमानित हुई पुरूषों तथा महिलाओं में यह प्रतिशतता क्रमशः 60.0 तथा 42.1 प्रतिशत अनुमानित हुई।

✪राज्य में किसी भी प्रकार की असमर्थता में सहायता प्राप्त करने वाले 13.3 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति अनुमानित हुए जिसमें सहायता प्राप्त करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों के सापेक्ष सरकार से सहायता प्राप्त करने वाले 11.9 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति तथा सरकार के अतिरिक्त अन्य संगठन से सहायता प्राप्त करने वाले 1.4 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति अनुमानित हुए।

✪राज्य में किसी भी प्रकार की असमर्थता में 47.1 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने वाले अनुमानित हुए। सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों में से 69.4 प्रतिशत दिव्यागंता से ग्रसित व्यक्तियो को सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग में विभिन्न प्रकार की समस्या अनुमानित हुयी जिसमें से सर्वाधिक 29.2 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों को रैम्प, लिफ्ट व सीढ़ियों की अनुपलब्धता वाली समस्या अनुमानित हुयी।

✪राज्य में किसी भी प्रकार की असमर्थता के अन्तर्गत प्रायिक कार्यकलाप (मुख्य+गौण) की स्थिति के अनुसार 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के दिव्यांग व्यक्तियों में सर्वाधिक 74.9 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति 'श्रमबल में नहीं' तथा शेष 25. 1 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति 'श्रमबल में' अर्थात क्रियाशील अनुमानित हुए।




✪राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की असमर्थता केअन्तर्गत 'वर्तमान में औपचारिक व्यावसायिक/तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे' मात्र 0.2 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति अनुमानित हुए। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में यह प्रतिशतता 0.3 अनुमानित हुयी।

# Personal

## Training / Seminar

### अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उ०प्र० के कार्मिको द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षणों में प्रतिभाग किया गया:-

✪**विषय:**-कार्यालय प्रबन्धन में कम्प्यूटर का उपयोग
**अवधि:**-दिनांक 25–30 जनवरी 2021
प्रतिभागी:–श्री मनोज कुमार सिंह,(अपर सा0 अधिकारी)प्रभाग मुख्यालय, श्री संजय पाण्डेय वरिष्ठ सहायक,प्रभाग मुख्यालय
**संस्थान का नाम:**- प्रशिक्षण प्रभाग,कालाकांकर भवन,लखनऊ

✪**विषय:**-Research Methodology
**अवधि:**-दिनांक 03–05 फरवरी 2021
प्रतिभागी :–श्री एस0 के0 सिंह,(उपनिदेशक)सहारनपुर मण्डल, श्रीमती गार्गी, (अपर सा0 अधिकारी),प्रभाग मुख्यालय
**संस्थान का नाम:**-प्रशिक्षण प्रभाग,कालाकांकर भवन,लखनऊ

✪**विषय:**-कार्यालय प्रबन्धन में कम्प्यूटर का उपयोग
**अवधि:**-दिनांक 08–12 फरवरी 2021
प्रतिभागी:–श्री अरूण कुमार सिंह,कनिष्ठ सहायक,प्रभाग मुख्यालय
**संस्थान का नाम:**-प्रशिक्षण प्रभाग,कालाकांकर भवन, लखनऊ

✪**विषय:**- आधारभूत प्रशिक्षण
**अवधि:**-दिनांक 15 फरवरी–12 मार्च 2021
प्रतिभागियों की संख्या:–16
**संस्थान का नाम:**-प्रशिक्षण प्रभाग,कालाकांकर भवन,लखनऊ

## नियुक्ति:-

✪मृतक आश्रित के अन्तर्गत 2 कनिष्ठ सहायकों की नियुक्ति प्रदान की गयी।

✪04 सहायक सांख्यिकीय अधिकारियों के नियुक्ति आदेश जारी किये गये।

## पदोन्नति :-

✪अपर सांख्यिकीय अधिकारी पद से खण्ड विकास अधिकारी के पद पर 20 कार्मिकों की डी0पी0सी0 लोक सेवा आयोग में कराई गई है।

✪07 कनिष्ठ सहायकों को वरिष्ठ सहायक के पद पर दिनांक 02.03.2021 को पदोन्नति की गई।

✪06 वाहन चालकों को ड्राइवर ग्रेड 1 से ड्राइवर (विशेष ग्रेड) के पद पर दिनांक 17.03.2021 द्वारा पदोन्नति की गई।

✪01 वाहन चालक को ड्राइवर ग्रेड 3 से ड्राइवर ग्रेड–2 के पद पर दिनांक17.03.2021 द्वारा पदोन्नति की गई।

## ए०सी०पी०:-

✪01वरिष्ठ कलाकार को 16 वर्षीय द्वितीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ प्रदान किया गया है।

✪18चतुर्थ श्रेणी कार्मिको को प्रभाग 10/16/26 वर्षीयप्रथम/द्वितीय/तृतीय वित्तीय स्तरोन्नयन का लाभ प्रदान किया गया है।

## सेवा निवृत्ति:-

✪श्री सुरेश चन्द्र अपर सांख्यिकीय अधिकारी प्रभाग मुख्यालय दिनांक 31.01.2021

✪श्री सहरूप वरिष्ठ सहायक जालौन, श्री रमेश चन्द्र पाण्डेय वरिष्ठ सहायक जौनपुर एवं श्री विनोद कुमार वरिष्ठ सहायक शाहजहांपुर दिनांक 31.01.2021

✪श्री महावीर प्रसाद चपरासी, अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय गोरखपुर दिनांक 31.01.2021

✪श्री गिरीश कुमार गुप्ता, वित्त एवं लेखाधिकारी प्रभाग मुख्यालय दिनांक 28.02.2021

# Current Statistics Of U.P. At a Glance

## 1- State Income Estimates

| S .No. | Indicators | 2019-20 (QE) | 2020-21 (AE) |
|---|---|---|---|
| 1- | **Growth Rate GSVA(At Constant Prices)** | | |
| (a) | Primary Sector | 1.9 | 3.7 |
| (b) | Secondary Sector | -0.5 | -8.0 |
| (c) | Tertiary Sector | 7.7 | -8.5 |
| (d) | GSDP | 3.8 | -6.4 |
| 2- | **Sectoral Composition of GSVA(At current Prices)** | | |
| (a) | Primary Sector | 25.3 | 27.5 |
| (b) | Secondary Sector | 24.9 | 23.6 |
| (c) | Tertiary Sector | 49.8 | 48.9 |
| 3- | **GSDP(At current prices) (in Cr. Rs.)** | 16,87,818 | 17,05,593 |
| 4- | **Per Capita Income (At Current Prices) (in Rs.)** | 65704 | 65431 |

AE- Advance Estimates, QE -Quick Estimates.

## 2-Price Indices

(Bace Year - 2011-12)

| S.No. | Indicators | Period | Index | Period | Index |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Agriculture Parity Index | 2018-19(P) | 108.21 | 2019-20(P) | 107.49 |
| 2 | Wholesale Price Index | Jul-Sep 2020 | 154.56 | Oct-Dec 2020 | 157.30 |
| 3 | Consumer Price Index - Rural | Jul-Sep 2020 | 182.49 | Oct-Dec 2020 | 191.74 |
| 4 | Consumer Price Index - Urban | Jul-Sep 2020 | 174.37 | Oct-Dec 2020 | 179.89 |
| 5 | Rural Wage Index for Carpenter | Jul-Sep 2020 | 199.43 | Oct-Dec 2020 | 201.20 |
| 6 | Rural Wage Index for Mason | Jul-Sep 2020 | 192.96 | Oct-Dec 2020 | 194.50 |
| 7 | Rural Wage Index forAgriculture Labour | Jul-Sep 2020 | 207.31 | Oct-Dec 2020 | 210.14 |
| 8 | Urban Wage Index for Carpenter | Jul-Sep 2020 | 184.17 | Oct-Dec 2020 | 187.63 |
| 9 | Urban Wage Index for Mason | Jul-Sep 2020 | 183.47 | Oct-Dec 2020 | 186.66 |
| 10 | Urban Wage Index for Unskilled Labour | Jul-Sep 2020 | 192.31 | Oct-Dec 2020 | 196.70 |

# 3- Index Of Industrial Production

## Base year 2011-12

## Quarter(Jan2021-Mar2021)

| Sl. NO. | INDICATORS | PERIOD | INDEX | PERIOD | Index | PERIOD | Index | PERIOD | Index |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Index Of Industrial Production Annual | 2016-17 | 110.89 | 2017-18 | 118.08 | 2018-19 | 124.47 | 2019-20 | 118.46 |
| 2 | Index Of Industrial Production Quarterly(2019-20) | Quarter June'2019(F) | 126.32 | Quarter September'2019(F) | 114.71 | Quarter December'2019(F) | 112.76 | Quarter March'2020(F) | 120.03 |
| 3 | Index Of Industrial Production:Monthly | Oct'2019(F) | 113.17 | Oct'2020(P) | 121.19 | - | - | - | - |
| 4 | Index Of Industrial Production:Monthly | Nov' 2019(F) | 113.24 | Nov' 2020(P) | 120.26 | | - | - | - |
| 5 | Index Of Industrial Production:Monthly | Dec'2019(F) | 111.87 | Dec'2020(P) | 131.74 | - | - | - | - |
| 6 | Index Of Industrial Production:Monthly | Jan'2020(F) | 125.87 | Jan'2021(Q) | 129.25 | - | - | | |
| 7 | Agriculture Volume Index | 2017-18(F) | 122.13 | 2018-19(P) | 125.88 | 2019-20(Q) | 131.32 | - | - |
| 8 | Agriculture Value Index | 2017-18(F) | 168.46 | 2018-19(P) | 181.56 | 2019-20(Q) | 204.15 | - | - |
| Q-Quick Estimates, P-Provisional Estimates,F -Final Estimates | | | | | | | | | |

# PHOTO SECTION



दिनांक 26.01.2021 को प्रभाग पर  आयोजित गणतन्त्र दिवस का आयोजन



दिनांक 26.01.2021 को प्रभाग पर  आयोजित गणतन्त्र दिवस का आयोजन

# Statistics /Reports/Publication on the Departmental Website http://updes.up.nic.in

## Statistics

✪Index of Industrial Production (2020-21)(Monthly)April-Oct 2020
✪Index of Industrial Production (2020-21)(Monthly)April-Oct 2020(USE BASED CATEGORIZATION)
✪Whole Sale Price Index (Base Year 2011-12)April 2020 to Nov 2020
✪Rural Retail Consumer Price Index (Agriculture Base Year 2011-12) December,2020.
✪Urban Retail Consumer Price Index (Agriculture Base Year 2011-12) December,2020
✪Weekly Prices of 47 Essential Commodities (12 Feburary, 2021)
✪Rural and Urban Labour Wage Index (Agri. Base Year 2011-12) of January 2018 to December 2020
✪Agricultural Production Index (Volume & Value) 2019-20 (Base Year 2011-12)
✪NET STATE DOMESTIC PRODUCT BY ECONOMIC ACTIVITY (crore Rs) At Current Prices (2011-12 to 2019-2020)
✪NET STATE DOMESTIC PRODUCT BY ECONOMIC ACTIVITY(crore Rs.)At Constant (2011-12) Prices (2011-12 to 2019-2020)
✪GROSS STATE DOMESTIC PRODUCT BY ECONOMIC ACTIVITY (crore Rs) At Current Prices (2011-12 to 2019-2020)
✪GROSS STATE DOMESTIC PRODUCT BY ECONOMIC ACTIVITY (crore Rs) At Constant (2011-2012) Prices (2011-12 to 2019-2020)
✪GROSS STATE DOMESTIC PRODUCT BY ECONOMIC ACTIVITY Percentage Distribution At Current Prices (2011-12 to 2019-2020)
✪GROSS STATE DOMESTIC PRODUCT BY ECONOMIC ACTIVITY Growth over previous year At Constant(2011-2012) PRICES (2011-12 to 2019-2020)

## Press Release

✪ PRESS RELEASE OF QUICK ESTIMATES OF INDEX OF INDUSTRIAL PRODUCTION AND USE BASED INDEX FOR THE MONTH OF OCTOBER 2020 , Dated 21.01.2021
✪PRESS RELEASE OF QUICK ESTIMATES OF INDEX OF INDUSTRIAL PRODUCTION AND USE BASED INDEX FOR THE MONTH OF NOVEMBER 2020 , Dated 12.02.2021
✪Press Release Of Advance Estimates Of State Income For Year 2020-21, (Base Year 2011-12)
✪PRESS RELEASE OF QUICK ESTIMATES OF STATE INCOME FOR YEAR 2019-20 (Base Year 2011-12) Dated 22.01.2021
✪PRESS RELEASE OF QUARTERLY ESTIMATES OF STATE INCOME OF QUARTER-2 (July2020-Sep2020) Dated 22.01.2021Of Quarterly Estimates Of State Income Of Quarter-1 For Year 2020- 21, Dated 22.10.2020

## Reports

✪NSS 75th Round Sch 25.2 Social Consumption (Education) in Uttar Pradesh
✪ NSS 75th Round (July - 2017 - June - 2018) 25.0 Social Consumption (Health) in U P Upload report of NSS 76th Round schedule 26.0 (Persons With Disabilities in Uttar Pradesh)
✪NSS 76th Round Sch 1.2 Drinking Water, Sanitation, Hygiene & Housing Condition

## Publication

✪Economics & Statistics Review Uttar Pradesh Volume-XI April-September 2020 No.-1
✪Statistical Diary, Uttar Pradesh-2020 (English & Hindi)
✪UP AT A GLANCE-2020 (English & Hindi)

## Others

✪Study on 7 identified topics of State Programme.
1- Study on interstate trade-to identify and estimate value of commodities being imported/exported to/from U.P.GIDS
2- Preparation of Input-Output transaction tables for U.P.
3- Study to estimate rent of dwellings-Rural and Urban in U.P.
4- Study to assess the intra-household variations in consumption, educational and economic attainments in different categories of households.
5- Study to estimate the sub-state level estimates of socio economic indicators of U.P. by using small area techniques.
6- Study on the plywood/khair to know the percentage and value of the raw material, source through U.P. Forests.
7- Benchmark survey for area and production estimation of Horticultural Crops.


**DIRECTORATE OF ECONOMICS AND STATISTICS**
**ARTH EVAM SANKHYA BHAWAN**
**9, SAROJINI NAIDU MARG**
**(Post Box no.: -113)**
**LUCKNOW226001**
**http://updes.up.nic.in**
**Phone: 0522 - 2238969, Fax: 0522 -2238965**
**Email-id:-upesd@up.nic.in , coordesd@up.nic.in**